RNI NO. RAJHIN/2013/50649

pktimesnews.com PK Times News thepktimesofficial pk_timesofficial

PK टाइम्स

दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com

एक छात्र का सबसे महत्वपूर्ण गुण यह है कि वह हमेशा अपने अध्यापक से सवाल पूछे।
— स्वामी विवेकानंद

वर्ष - 12 | अंक - 257 | मूल्य - 1 रुपए | राजस्थान | मंगलवार, 24 मार्च, 2026

संदेश जंग के हालातों पर पीएम मोदी ने पहली बार सार्वजनिक बयान दिया, बोले–

# लम्बा चल सकता है संकट ; देशवासी बनाए रखे धैर्य

**लोक टुडे। नई दिल्ली/जयपुर**

पश्चिम एशिया में जंग के हालातों पर पीएम मोदी ने पहली बार सार्वजनिक बयान दिया। लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच में उन्होंने कहा कि तनाव खत्म होना चाहिए। बातचीत से ही समस्या का समाधान है। पीएम ने कहा कि नागरिकों और पावर प्लांट पर हमले मंजूर नहीं हैं। होमुर्ज का रास्ता रोकना स्वीकार नहीं होगा। पीएम ने कहा- सरकार की कोशिश है कि देश में तेल-गैस संकट न हो। इसके लिए 27 की जगह अब 41 देशों से इंपोर्ट कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि अभी 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही हजार भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। 700 से ज्यादा मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं।

## मोदी की 6 बड़ी बातें, कहा- हम सभी देशों के सप्लायर्स से संपर्क में

**1. तेल-गैस संकट पर:** पिछले एक दशक में भारत ने संकट के समय के लिए कच्चे तेल के भंडारण को प्राथमिकता दी है। आज हमारे पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक का रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार है। इसे बढ़ाकर 65 लाख मीट्रिक टन से अधिक करने का काम चल रहा है। हमारी तेल कंपनियां अलग स्टोरेज रखती हैं।

**2. अन्न-राशन पर:** हमारे पास पर्याप्त अन्न भंडार है। आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम हैं। उस वक्त भी ग्लोबल सप्लाई चेन में कमी आई थी। भारत के किसानों को यूरिया की एक बोरी 300 रुपए से भी कम कीमत में दिलाई गई। तेल गैस फर्टिलाइजर से जुड़े जहाज भारत तक सुरक्षित पहुंचे, इसके लिए सहयोगियों से संवाद कर रहे हैं।



**3. भारतीयों की सुरक्षा:** संकट की घड़ी में भारतीयों की सुरक्षा हमारी बहुत बड़ी प्राथमिकता रही है। अभी 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही हजार भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। 700 से ज्यादा मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं।

**4. पॉवर सप्लाई पर:** युद्ध का एक चैलेंज यह भी है कि देश में गर्मी का मौसम शुरू हो रहा है। आने वाले समय में बिजली की डिमांड बढ़ती जाएगी। देश के पावर प्लांट में कोल स्टॉक उपलब्ध है। पावर जनरेशन से लेकर सप्लाई तक हर सिस्टम की मॉनीटरिंग की जा रही है।

**5. एनर्जी सेक्टर पर:** हम जानते हैं एनर्जी आज इकोनॉमी की रीढ़ है। ग्लोबल नीड को पूरा करने वाला सोर्स वेस्ट एशिया है। भारत पर इस युद्ध से उत्पन्न दुष्प्रभाव का असर कम हो इसके लिए एक रणनीति से काम कर रहे हैं। भारत सरकार ने एक ग्रुप बनाया है जो हर रोज मिलता है जो आयात-निर्यात में आने वाली दिक्कतों पर निरंतर काम करता है।

**6. जंग को लेकर:** डिप्लोमेसी में भारत की भूमिका स्पष्ट है। हमने गहरी चिंता व्यक्त की है। मैंने वेस्ट एशिया के प्रमुखों से बात की है। सभी से तनाव कम करने की अपील की है। कॉमर्शियल जहाजों पर हमला और रुकावट अस्वीकार्य है। भारत सभी पक्षों को जल्द से जल्द शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

# RPSC के निलंबित सदस्य बाबूलाल कटारा की जमानत रद्द

**एग्जाम से 60 दिन पहले लीक किया था पेपर, राज्य सरकार ने दायर किया था काउंटर एफिडेविट**

**लोक टुडे। जयपुर**



पेपर लीक मामले में गिरफ्तार राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) के निलंबित सदस्य बाबूलाल कटारा की अंतरिम जमानत को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट से पहले कटारा को अंतरिम जमानत मिली थी। राजस्थान सरकार की तरफ से दायर काउंटर एफिडेविट में उठाई गई आपत्तियों पर विचार करने के बाद सुप्रीम कोर्ट जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद शर्मा की बैंच ने अंतरिम जमानत रद्द करने का फैसला किया है। सुप्रीम कोर्ट ने 9 फरवरी को ही बाबूलाल कटारा को अंतरिम जमानत दी थी। राज्य सरकार ने इसके खिलाफ अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा के माध्यम से काउंटर एफिडेविट दायर कर अंतरिम जमानत जारी रखने का विरोध किया था। इसमें कई तथ्यों को रखा गया।

**कोर्ट में राज्य सरकार का तर्क :**

राज्य सरकार की तरफ से दायर काउंटर एफिडेविट में बताया गया कि कटारा के खिलाफ 5 मामले लंबित है, जिनमें एक मामला प्रवर्तन निदेशालय (ED) में दर्ज है। तर्क दिया गया कि आरोपी आरपीएससी सदस्य रहते पेपरलीक जैसे मामले में शामिल है। ऐसे में जनहित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जांच की निष्पक्षता के लिए न्यायिक हिरासत की जरूरत से संबंधित तथ्यों को रखा गया। सरकार ने तर्क दिया कि अंतरिम जमानत एक अपवादात्मक राहत है, जिसे ऐसे मामले में जारी नहीं रखा जा सकता। अंतरिम जमानत एक विवेकाधीन और अस्थायी राहत है, जिसे तथ्यों, आचरण और बाद में उत्पन्न परिस्थितियों के आधार पर निरस्त किया जा सकता है। इन सब तथ्यों के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने कटारा को दी गई अंतरिम जमानत को खारिज कर दिया।

## ओढ़नी से फंदे पर झूली मां पास में बिलखता रहा बेटा

**लोक टुडे। जोधपुर**

जोधपुर में महिला ने ओढ़नी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोस में रहने वाली 7 साल की बच्ची जब घर पहुंची तो गेट बंद था, लेकिन बच्चे के रोने की आवाज आ रही थी। बच्ची ने घटना की जानकारी चाचा को दी। चाचा ने छत के रास्ते घर के अंदर घुसे तो महिला फंदे से लटकी मिली और बच्चा पास में बिलख रहा था। यह घटना एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में 22 मार्च को शाम करीब 5:30 बजे हुई। जोधपुर के उचियारड़ा गांव के विश्नोईयों की ढाणी के रहने वाले मोहनलाल विश्नोई ने पुलिस को रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया- मेरी बेटी ममता विश्नोई (22) घर में अकेली थी। मैं और मेरी पत्नी एक शादी में गए हुए थे। रविवार शाम को गाय दुहने में मदद करवाने के लिए पड़ोस की ही 7 साल की लड़की घर आती थी। हमेशा की तरह वो रविवार को भी घर पहुंची तो उसने बाहर का दरवाजा बंद मिला, अंदर बच्चे के रोने की आवाजें सुनाई दी।

**पड़ोसी को कमरे में फंदे से लटकी मिली :**

मोहनलाल विश्नोई के अनुसार, बच्ची ने पास में रह रहे श्रवण राम (चाचा) को बताया। श्रवण राम मौके पर पहुंचे तो गेट बाहर से बंद था। इस पर वे छत के रास्ते अंदर घुसे, जहां एक कमरे में ममता फंदे से झूलती हुई मिली, जबकि पास में महिला का 3 साल का बच्चा रो रहा था। श्रवण राम ने तुरंत मुझे को सूचना दी। मैं मौके पर पहुंचे और ममता को लेकर एम्स गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज ढहा, 4 की मौत

**लोक टुडे। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे तेज धमाके के बाद कोल्ड स्टोरेज की एक बिल्डिंग ढह गई। मलबे में करीब 20 मजदूर दब गए। अब तक 17 लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया है। अभी भी कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। हादसे में 4 मजदूरों की मौत हुई है। मरने वालों में पिलत चौधरी, मशींदर, ज्योतिष और जगदीश शामिल हैं। जगदीश प्रयागराज और बाकी तीनों बिहार के रहने वाले थे। हालांकि, प्रशासन ने अभी मौतों की पुष्टि नहीं की है।

## स्कूटी गिरने के मामले में JEN अवस्थी सस्पेंड

**लोक टुडे। जोधपुर**

जोधपुर के महामंदिर क्षेत्र में सीवरेज मैनहॉल में स्कूटी सवार के गिरने के मामले ने जिला प्रशासन ने सख्त एक्शन लिया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर के निर्देश पर संबंधित खण्ड पीयूष अवस्थी को सस्पेंड कर दिया गया है और ठेकेदार के खिलाफ महामंदिर थाने में FIR दर्ज की गई है। अधिकारियों ने माना कि कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई, जिसे लेकर अब सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ठेकेदार ने सीवरेज की सेफ्टी का ख्याल नहीं रखा।

# ...इंतजार खत्म, पहली बार 12वीं से पहले 10वीं का रिजल्ट आज

**राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ; दोपहर को घोषित करेगा, 10 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स ने दी थी परीक्षा**

**लोक टुडे। अजमेर**




राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 10वीं का रिजल्ट 24 मार्च दोपहर 1 बजे घोषित किया जाएगा। इसके लिए बोर्ड ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। ऐसा पहली बार है, जब 10वीं का रिजल्ट 12वीं से पहले जारी हो रहा है। वहीं बोर्ड इतिहास में यह पहला मौका है, जब मार्च में रिजल्ट घोषित किया जा रहा है। दरअसल, राज्य सरकार ने एक अप्रैल से नया सत्र शुरू करने के निर्देश दिए थे। ऐसे में बोर्ड प्रशासन 10वीं का रिजल्ट सबसे पहले घोषित कर रहा है। इस साल बोर्ड की परीक्षाएं 12 फरवरी से शुरू हुई थी। 28 फरवरी को खत्म हुई दसवीं की परीक्षा में 10 लाख 68 हजार 109 स्टूडेंट्स शामिल हुए थे।

**12वीं का रिजल्ट भी इसी महीने :**

बोर्ड की कोशिश है कि 12वीं आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स का रिजल्ट भी इसी महीने जारी कर दिया जाए। बोर्ड ने इसके लिए भी तैयारी शुरू कर दी है। 12वीं की परीक्षा 11 मार्च तक चली थी। इसमें 9 लाख 10 हजार 9 स्टूडेंट्स बैठे थे। प्रदेश के 6 हजार 170 सेंटर पर एग्जाम हुए थे।

**अगले साल से 2 बार होगा दसवीं का बोर्ड एग्जाम :**

राजस्थान बोर्ड के नए सिस्टम के अनुसार- राजस्थान बोर्ड साल 2027 से 10वीं की परीक्षा साल में 2 बार आयोजित करने वाला है। पहले सेशन की परीक्षा फरवरी और दूसरे की मई में होगी। दोनों ही एग्जाम पूरे सिलेबस पर आधारित होंगे। इनमें स्टडी पैटर्न या एग्जाम प्लानिंग में कोई बदलाव नहीं होगा। पहला एग्जाम देने वाले स्टूडेंट्स दूसरे फेज में मैक्सिमम 3 सब्जेक्ट्स में अपने मार्क्स सुधारने के लिए एग्जाम दे सकते हैं। इसके लिए जिन स्टूडेंट्स ने पहला फेज पूरी तरह से मिस कर दिया है, वे दूसरे फेज में होने वाले बोर्ड एग्जाम में बैठ सकते हैं। इसके लिए उन्हें एक वैलिड मेडिकल सर्टिफिकेट या जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी) का अप्रूवल लेना होगा। दोनों ही अटेम्प्ट्स के लिए एग्जामिनेशन फीस में कोई बदलाव नहीं होगा। प्हइए इसके लिए ब्बेस्ट ऑफ टू अटेम्प्ट्स का फॉर्मूला अपनाएगा। यानी दोनों अटेम्प्ट में से जिसमें भी बेहतर मार्क्स आए हैं, उसी के नंबर फाइनल रिजल्ट में जोड़े जाएंगे।

PK टाइम्स
www.pktimesnews.com
दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com

जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार
जयपुर, मंगलवार, 24 मार्च, 2026

## जयपुर सहित कई जिलों में बारिश-ओलावृष्टि, कल से फिर अलर्ट
# बेमौसम बारिश; किसानों के लिए आफत

**लोक टुडे। जयपुर**

जयपुर, अलवर, भरतपुर, दौसा, डीडवाना सहित राजस्थान के कई इलाकों में सोमवार सुबह मौसम बदल गया। बादल छाए रहे। तेज गर्जना के साथ तेज बारिश हुई। इससे हवाओं में ठंडक घुल गई। एक बार फिर लोगों को गुलाबी ठंड का एहसास हुआ। जयपुर में सुबह करीब 8 बजे से गरज-चमक के साथ बरसात शुरू हुई। विजिबिलिटी कम होने के कारण राजधानी की सड़कों पर दिन में गाड़ियों की हेडलाइट जलानी पड़ीं। अलवर में भी सुबह करीब 8 बजे से रिमझिम बरसात शुरू हुई थी। भरतपुर में सुबह करीब 9 बजे, कोटपूतली-बहरोड़ जिले में सुबह करीब 7 बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई थी। उधर, बालोतरा जिले के समदड़ी में रविवार देर रात तेज ओलावृष्टि हुई थी। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने राज्य में 24 मार्च को मौसम ड्राय रहने, जबकि 25 व 26 मार्च को एक नया कमजोर सिस्टम एक्टिव होने की संभावना जताई है। इस सिस्टम के असर से 5 जिलों में बारिश का अलर्ट है।



### फसलों का खराबा, किसान परेशान

प्रदेश के कई इलाको में रविवार रात से लेकर सोमवार सुबह तक हुई बेमौसम बरसात ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। रविवार देर रात शुरू हुई बारिश ने जहां पहले ही खेतों में खड़ी फसलों को भिगो दिया था, वहीं सोमवार सुबह तेज रफ्तार से हुई बारिश ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया। प्रदेश के कई जिलों में खेतों में तैयार और कटी फसलें पानी में डूब गईं, जिससे अनाज के खराब होने की आशंका बढ़ गई है। अचानक बदले मौसम के मिजाज ने किसानों को गहरे संकट में डाल दिया है। राजधानी जयपुर से लेकर भरतपुर, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, दौसा, करौली, सवाई माधोपुर, झुंझुनू, सीकर, कोटा और झालावाड़ समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में खेतों में जलभराव की स्थिति बन गई। जिन फसलों को किसान काटकर निकालने की तैयारी में थे या जिन्हें सुखाने के लिए खेतों में फैला रखा था, वे अब बारिश के पानी में भीग गई हैं।

### तैयार फसलों और चारे में भरा पानी

पूर्वी राजस्थान में जौ, गेहूं, चना और सरसों जैसी रबी फसलें पककर तैयार थीं। कई किसानों ने कटाई भी शुरू कर दी थी। लेकिन बारिश के कारण इन फसलों में पानी भर गया है। यदि लगातार नमी बनी रही तो दानों के काले पड़ने और सड़ने की आशंका है, जिससे उनकी गुणवत्ता पर सीधा असर पड़ेगा। वहीं पश्चिमी राजस्थान में इस समय ईसबगोल और जीरा की फसल कटाई के दौर में थी। कई किसानों ने फसल काटकर खेतों में सूखने के लिए रखी थी, ताकि उसे निकालकर मंडी तक पहुंचाया जा सके। लेकिन तेज बरसात ने सारी योजनाओं पर पानी फेर दिया। जीरा और ईसबगोल जैसी फसलें अधिक पानी सहन नहीं कर पातीं।



### जयपुर में विजीबिलिटी घटी

जयपुर में विजिबिलिटी कम होने के कारण राजधानी की सड़कों पर दिन में गाड़ियों की हेडलाइट जलानी पड़ीं। प्रदेश में लगातार आ रहे वेस्टर्न डिस्टरबेंस से आंधी-बारिश का दौर जारी है। पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के अधिकांश जिलों में बादल छाए रहे थे। जैसलमेर, फलोदी में कई स्थानों पर दिन में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई थी। कोटा में दोपहर बाद अचानक मौसम बदला। बादल छाए और शहर के रामपुरा, नयापुरा, रायपुरा, दादाबाड़ी, एरोड्राम इलाके में बरसात हुई।



### नया कमजोर सिस्टम एक्टिव

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- राज्य में दो दिन 23 और 24 मार्च को मौसम ड्राय रहने की संभावना है। इन दो दिन राज्य में कुछ स्थानों पर दिन में हल्के बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन बारिश होने की संभावना नहीं है।

## सीएम के तंज पर गहलोत ने किया पलटवार, बोले -
# हमारे विश्वस्तरीय हेल्थ-मॉडल को धराशाई कर रही सरकार

**लोक टुडे। जयपुर**



पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सरकार पर स्वास्थ्य सेवाओं की हालत बिगाड़ने और राजस्थान के हेल्थ मॉडल को धराशायी करने का आरोप लगाया है। 18 मार्च को 'राजस्थान युवा शक्ति दिवस' कार्यक्रम में सीएम भजनलाल शर्मा ने गहलोत पर तंज कसते हुए कहा था कि आप दिल्ली जाते थे तो दोनों पैरों में पट्टी बांध लेते थे। अब गहलोत ने एक्स पर पोस्ट करके पलटवार करते हुए लिखा- जब मैं सोशल मीडिया के माध्यम से जनता की इन बुनियादी समस्याओं को उठाता हूं, तो मुख्यमंत्री समाधान निकालने की जगह अपने इवेंट्स में मुझ पर व्यक्तिगत कमेंट्स करने में व्यस्त रहते हैं।

**मजबूत स्वास्थ्य ढांचा आज उपेक्षा का शिकार**
गहलोत ने लिखा- राजस्थान का मजबूत स्वास्थ्य ढांचा आज उपेक्षा का शिकार होकर दरक रहा है। यह बेहद चिंताजनक है कि हमारी कांग्रेस सरकार के बनाए हुए विश्वस्तरीय हेल्थ मॉडल को वर्तमान सरकार धराशाई कर रही है। फ्र्क्कूर के अंतर्गत बकाया भुगतान न होने के कारण एक बार फिर निजी अस्पतालों ने ओपीडी और फामेर्सी सेवाएं रोकने की तैयारी कर ली है, जिससे कर्मचारी और पेंशनर्स अधर में हैं। साथ ही, चिरंजीवी (टअअ) योजना को शिथिल कर प्रदेशभर के अस्पतालों में इलाज में देरी और आवश्यक दवाइयों की भारी किल्लत पैदा कर दी गई है।

**निजी ब्लड बैंकों पर लगी रोक हटाएं :**
गहलोत ने लिखा- जयपुर के रटर और जनाना अस्पताल जैसे बड़े केंद्रों में खून की भारी कमी एक बड़ी 'हेल्थ इमरजेंसी' है, जो प्रदेशवासियों के जीवन के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। सरकार को चाहिए कि निजी ब्लड बैंकों पर लगी रोक अविलंब हटाएं ताकि मरीजों की समस्याओं का समाधान हो सके।

**योजनाएं रोकने पर जनता में रोष :**
गहलोत ने लिखा- चाकसू विधानसभा क्षेत्र के 108 साल के बुजुर्ग गोलूरामजी माली ने मेरे से मिलने की इच्छा जताई, जिनसे मैं कल शाम उनके गांव जाकर मिला। वहां इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने भी चिकित्सा और स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में रोकी गई योजनाओं को लेकर भाजपा सरकार के प्रति रोष जताया।

## एक दिन पहले माता के जागरण में गायक ने गाई थी कव्वाली
# भजन संध्या में लोगों का हंगामा, गायक जॉन अजमेरी को छोड़ना पड़ा मंच

**लोक टुडे। अजमेर**

शहर के शास्त्री नगर क्षेत्र में रविवार रात आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम के दौरान उस समय विवाद खड़ा हो गया, जब कुछ संगठनों ने गायक जॉन अजमेरी का विरोध किया। विरोध बढ़ने पर गायक को कार्यक्रम के बीच मंच छोड़कर जाना पड़ा। जानकारी के अनुसार शास्त्री नगर स्थित गणेशगढ़ मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा था, जिसमें गायक



जॉन अजमेरी को भजन प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। इसी दौरान कुछ हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता वहां पहुंच गए और उन्होंने गायक का विरोध शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले शनिवार रात अलवर गेट क्षेत्र के नगरा में आयोजित माता के जागरण में जॉन अजमेरी ने कव्वाली प्रस्तुत की थी। इसी बात को लेकर कुछ संगठनों में नाराजगी थी। जैसे ही यह जानकारी फैली, विरोध करने वाले कार्यकर्ता भजन संध्या स्थल पर पहुंच गए।

### जगराते में कव्वाली बर्दाश्त नहीं

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के मंत्री किशन गुर्जर ने बताया - जॉन अजमेरी ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। आज भी कल वाली गलती दोहराना चाहते थे। वो अपनी बात को जायज ठहराते हुए फिर वही करना चाहते थे। इसलिए मंच से उतारे गए। माता के जगराते में कोई कव्वाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कम्प्यूटर टंकण परीक्षा कल

**लोक टुडे। जयपुर**

जयपुर जिले में क्रीड़ा पदक विजेता एवं मृताश्रित राज्य कर्मचारियों, मृतक राज्य कर्मचारियों की नियुक्ति के बाद ली जाने वाली कंप्यूटर टंकण गति परीक्षा ,25 मार्च को यति पब्लिक स्कूल पवनपुरी बेनाड़ रोड बालाजी विहार 25 झोटवाड़ा जयपुर में आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर पूर्व नरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि परीक्षार्थी दिनांक 24 सितंबर 2025 को शाम 5 बजे तक जिला कलक्टर जयपुर के कमरा नम्बर-149 में संस्थापन अधिकारी कक्ष से प्रवेश पत्र की डुप्लीकेट प्रति प्राप्त कर सकते हैं।




# संस्थागत प्रसव के क्षेत्र में जयपुर जिले का राज्य में प्रथम स्थान

**लोक टुडे। जयपुर**

राज्य सरकार द्वारा जारी बीस सूत्री कार्यक्रम की नवीनतम रैंकिंग में जयपुर जिले ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के प्रभावी निर्देशन, सतत मॉनिटरिंग एवं विभागीय समन्वय के परिणामस्वरूप जिले की समग्र रैंकिंग में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि बीस सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाई गई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत सभी संकेतकों में शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की गई है, जो विभागीय कार्यप्रणाली की दक्षता को दशार्ती है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा विभाग के अंतर्गत पम्पसेट ऊर्जीकरण में राज्य स्तर से आवंटित लक्ष्य के विरुद्ध 200 प्रतिशत तक प्रगति प्राप्त की गई है, जो जिले के किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुख्य आयोजना अधिकारी ने बताया कि संस्थागत प्रसव के क्षेत्र में जयपुर जिला राज्य में प्रथम स्थान पर रहा है, जो मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं प्रभावी क्रियान्वयन को दशार्ता है। इसके साथ ही अनुसूचित जाति विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान करने में भी जयपुर जिला राज्य में प्रथम स्थान पर रहा है, जिससे सामाजिक सुरक्षा एवं शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा संचालित पौधारोपण अभियान में जयपुर जिले को 'ए ग्रेड' प्राप्त हुआ है, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिले की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इसके अतिरिक्त अन्य शेष संकेतकों में भी निरंतर सुधार दर्ज किया गया है। मुख्य आयोजना अधिकारी ने यह भी बताया कि जयपुर जिले ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा शहरी क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर एवं निम्न आय वर्ग के पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध करवाने के क्षेत्र में राज्य औसत से अधिक उपलब्धि हासिल की है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे विस्तृत कार्ययोजना बनाकर शेष संकेतकों में भी शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बीस सूत्री कार्यक्रम केवल रैंकिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन के जीवन स्तर में सुधार लाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग, नवाचारों को अपनाने एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि आगामी रैंकिंग में जयपुर जिला राज्य में शीर्ष स्थान प्राप्त कर सके और आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

PK टाइम्स
www.pktimesnews.com

दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com



जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार

जयपुर, मंगलवार, 24 मार्च, 2026

### कलर फोटोकॉपी कर बेच दिए, आयोजक बोले- बैठने की क्षमता से ज्यादा लोग पहुंचे

# फर्जी पास पर प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने पहुंचे लोग

**लोक टुडे। जयपुर**



जयपुर में चल रही कथावाचक प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा का चौथा दिन है। कथा के कारण मानसरोवर स्थित वीटी रोड मेला ग्राउंड में बड़ी संख्या में लोग कथा सुनने पहुंचे। आयोजन को लेकर जयपुर सहित आसपास के जिलों में उत्साह बना हुआ है। वहीं, कुछ लोग फर्जी पास लेकर कथा सुनने पहुंचे। इस कारण परिसर में सिटिंग से ज्यादा लोग पहुंच गए। वहीं, कथा के समय में बदलाव किया गया है। अब कथा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक हो रही है। पास धारकों की एंट्री दोपहर 12 बजे तक एंट्री दी गई। इस दौरान कथा में भीड़ के बीच लोग फर्जी पास लेकर पहुंचे। ओरिजिनल पास की कलर फोटो कॉपी कर लोगों में बांट दिए गए हैं। चैकिंग के दौरान दौरान हॉलमार्क से इसका खुलासा हुआ। आयोजकों ने बताया - पास वाले परिसर में सीटिंग से ज्यादा लोग पहुंच गए। भीड़ बाहर खड़ी रही। हंगामा भी हुआ। इसके बाद आयोजक और प्रशासन ने फर्जी पास जारी करने वाले लोगों को पकड़ा।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम, AI कैमरों से निगरानी**

बढ़ती भीड़ को देखते हुए आयोजन स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता तैनात है। पूरे परिसर में बैरिकेडिंग की गई है। पहली बार यहां अककैमरों से भीड़ की निगरानी की जा रही है, जिससे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा सीएसटी और अलग-अलग जिलों की डीएसटी टीमें भी सक्रिय है। जो जेब कटाई, चैन स्नैचिंग जैसी घटनाओं को रोकने के लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रही है।

**एंट्री के लिए लाइन, पास के बावजूद रोक :** कथा में एंट्री को लेकर भी सख्ती बरती जा रही है। श्रद्धालुओं को लाइन में लगाकर ही अंदर प्रवेश दिया जा रहा है। भीड़ अधिक होने पर कई बार एंट्री रोक दी जाती है। तीसरे दिन रविवार होने के कारण स्थिति ज्यादा चुनौतीपूर्ण रही, जब पास होने के बावजूद कई श्रद्धालुओं को एंट्री नहीं मिल सकी और उन्हें गेट से वापस लौटना पड़ा। ऐसे में लोगों ने व्यवस्था को लेकर नाराजगी भी जताई। आयोजकों और प्रशासन की ओर से अपील की जा रही है कि श्रद्धालु समय से पहले पहुंचे और व्यवस्था का सहयोग करें।

## बेटे ने धारदार हथियार से पिता पर किया हमला, मौत

**लोक टुडे। नदबई**



शराब के नशे में बेटे ने धारदार हथियार से पिता पर वारकर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान मां अपने दूसरे नंबर के बेटे को दिखाने के लिए दौसा अस्पताल गई थी। घटना भरतपुर जिल के नदबई थाना क्षेत्र के भौसिंगा गांव की है। थाना अधिकारी अरुण सिंह ने बताया-सोमवार सुबह 11 बजे सूचना मिली कि भौसिंग गांव निवासी प्रेम सिंह (60) की उसके बड़े बेटे कुंवरसिंह उर्फ गुड्डू ने धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस टीम गांव पहुंची। जहां पूछताछ में सामने आया कि प्रेम सिंह की पत्नी सुनीता अपने दूसरे नंबर के बेटे हरेंद्र के साथ रविवार को दौसा गई थी। जहां सिर में परेशानी के चलते उसे डॉक्टर को दिखाना था। वहीं प्रेम का सिंह का छोटा बेटा भगत सिंह भरतपुर में एक होटल पर नौकरी करता है।

### मुख्यमंत्री ने परिवेदनाएं सुनकर अधिकारियों को दिए त्वरित निर्देश

# एक-एक फरियादी तक पहुंचे मुख्यमंत्री, सुनी जन परिवेदनाएं

**लोक टुडे। जयपुर**



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए अधिकारियों को उन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसुनवाई में परिवादी उम्मीद के साथ आते हैं। ऐसे में अधिकारी इन प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इनका शीघ्र निस्तारण करें। शर्मा ने जनसुनवाई में बड़ी संख्या में आई महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों सहित विभिन्न लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। आमजन अपनी परिवेदनाओं के निस्तारण से बेहद संतुष्ट नजर आए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवादियों को जल्द से जल्द राहत दी जाए। साथ ही, लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए इसका शीघ्र समाधान करें। मुख्यमंत्री ने इस दौरान ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, श्रम, कृषि, गृह, राजस्व, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनके निस्तारण के निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री ने संत-महात्माओं से लिया आशीर्वाद :**

इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनसुनवाई में जोधपुर के प्रेम हरि प्राणी मात्र सेवा संस्थान से आए संत-महात्माओं का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया एवं उनसे आशीर्वाद लिया। शर्मा ने विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के पोस्टर विमोचन भी किए। जन सुनवाई में मुख्यमंत्री से ह्यमुएथईह्ण खेल में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराने वाले राजस्थान के युवा प्रतिभागियों से मुलाकात भी की।

# जयपुर के पुलिस स्टेशन में पत्नी ने पति को पीटा

### पुलिस स्टाफ ने बीच-बचाव कर छुड़वाया, तीन तलाक केस में फंसाने की दी धमकी

**लोक टुडे। जयपुर**

जयपुर में पुलिस स्टेशन में पत्नी ने अपने पति की पिटाई कर दी। पुलिस स्टाफ ने बीच-बचाव कर युवक को बचाया। आरोप है कि पत्नी ने तीन तलाक के केस में फंसाने की धमकी भी दी। युवक ने मुरलीपुरा थाने में पत्नी और उसकी बहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया- झोटवाड़ा के रहने वाले 30 साल के युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। साल-2025 में पत्नी ने महिला थाना (वेस्ट) में उसके खिलाफ दहेज केस दर्ज करवाया था। कोर्ट के आदेशानुसार बकाया सामान जमा करवाने के लिए 20 मार्च को महिला थाने वह परिवार के साथ आया था। पत्नी के साथ उसकी बहन और चार-पांच लोग भी थाने आए थे। पुलिस के अनुसार, बकाया सामान पेश करने के बाद पुलिस अधिकारी के सामने दोनों पति-पत्नी कुर्सी पर बैठे हुए थे। इस दौरान आरोपी पत्नी ने कुर्सी से उठकर पति को जोर से थप्पड़ मारा। उसके बाद अपनी बहन के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की।

**तीन तलाक के केस में फंसाने की धमकी दी :** पुलिस के अनुसार, थाने में मौजूद पुलिस स्टाफ और परिवार के लोगों ने बीच-बचाव कर उसे बड़ी मुश्किल से छुड़वाया। मारपीट के बाद आरोपी पत्नी की ओर से तीन तलाक के केस में फंसाने की धमकी दी गई। पीड़ित की ओर से मुरलीपुरा थाने में रविवार दोपहर मामला दर्ज करवाया गया।

# अजमेर कलेक्टर समेत 9 अफसरों को NGT का नोटिस

**लोक टुडे। अजमेर**



अजमेर के माखुपुरा ट्रेंचिंग ग्राउंड में पुराने कचरे के निस्तारण में देरी पर कलेक्टर समेत 9 अफसरों को नोटिस जारी किया है। NGT की सेंट्रल जोन बेंच (भोपाल) ने इस मामले में 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 21 अप्रैल को रखी है। याचिकाकर्ता अशोक मलिक का कहा- NGT ने 7 जुलाई 2023 को कचरा निस्तारण का काम 6 महीने में पूरा करने का आदेश दिया था, लेकिन अजमेर नगर निगम ने अब तक इस आदेश का पालन नहीं किया है। कचरा निस्तारण की समय-सीमा 7 जनवरी 2024 को खत्म हो गई थी, परंतु पालन नहीं हुआ।

# बीस सूत्रीय कार्यक्रम की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

**लोक टुडे। जयपुर**

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि बीस सूत्रीय कार्यक्रम (टीपीपी) राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से गरीबी उन्मूलन तथा कमजोर एवं वंचित वर्गों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि समन्वित प्रयासों के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम के लाभ लक्षित वर्गों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाए जाएं। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत फरवरी 2026 तक की प्रगति की समीक्षा हेतु सचिवालय में सोमवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की जिला-वार एवं योजना-वार प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में ऑपरेशन थिएटर पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाए जाएं, जिससे आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। साथ ही संस्थागत सेवाओं के बेहतर उपयोग एवं स्वास्थ्य अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण पर भी जोर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास निर्माण को गति देने, मनरेगा के तहत मांग आधारित कार्यों को बढ़ावा देने तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से आजीविका सशक्तिकरण को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए गए कि कम प्रदर्शन वाले क्षेत्रों के लिए जिला-विशिष्ट एवं समयबद्ध सुधार योजनाएं तैयार की जाएं तथा सामाजिक क्षेत्रों में सेवा वितरण को सुदृढ़ कर संस्थागत परिणामों को और बेहतर बनाया जाए। मुख्य सचिव ने बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तर पर गठित प्रथम एवं द्वितीय स्तर की समितियों की मासिक समीक्षा बैठकों का नियमित आयोजन सुनिश्चित करने के साथ ही डेटा रिपोर्टिंग की शुद्धता एवं समयबद्ध प्रस्तुति पर विशेष ध्यान देने को कहा।

PK टाइम्स
www.pktimesnews.com

दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com

जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार



## फूड सेफ्टी विभाग की कार्रवाई; जयपुर शहर के छोटे-छोटे डेयरी केंद्रों पर होती थी सप्लाई

# जयपुर में 1000 किलो नकली पनीर और 800 किलो घी पकड़ा

**लोक टुडे। जयपुर**

जयपुर में पुलिस ने 1000 किलो नकली पनीर और 800 किलो घी पकड़ा है। यह पनीर और घी मेवात से लाया गया था। इसे जयपुर शहर के छोटे डेयरी केंद्रों पर सप्लाई किया जाना था। जवाहर नगर थाना इलाके में शांति पथ स्थित 'क्वालिटी पनीर सेंटर' पर पिकअप से नकली पनीर-घी उतारा जा रहा था। नकली घी ड्रमों में भरा हुआ था। पनीर को छोटे-छोटे बॉक्स में बर्फ में छुपाकर रखा हुआ था। वहीं, फूड सेफ्टी विभाग ने रविवार को विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया में 4840 किलोग्राम मिलावटी मिर्च पाउडर जब्त किया। यहां रंग और चापड़ मिलाकर मिर्च पाउडर तैयार किया जा रहा था।



**पिकअप से उतार रहे थे पनीर** :
जवाहर नगर थाना पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 9 बजे गश्त के दौरान एक संदिग्ध पिकअप दिखाई दी। इस गाड़ी से क्वालिटी पनीर सेंटर पर पनीर उतारा जा रहा था। जांच करने पर 11 कंटेनर (बॉक्स) मिले। इनमें प्रत्येक में करीब 80-90 किलो पनीर भरा हुआ था। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में घी और क्रीम भी मिली। एडिशनल डीसीपी आलोक सिंघल और एसीपी लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में SHO महेशचंद गुर्जर ने यह कार्रवाई की। थाना प्रभारी महेशचंद गुर्जर ने बताया- होली के दौरान टीला नंबर-1, जवाहर नगर में पहले भी करीब 250 किलो नकली मावा-पनीर पकड़ा गया था। इसके बाद से क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही थी। प्राथमिक जांच में खुलासा हुआ है कि इन नकली उत्पादों को बाजार में असली बताकर बेचा जा रहा था। सीएमएचओ फर्स्ट की टीम ने सैंपल लिए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**रिटेल मार्केट में बेच रहे मिलावटी मिर्च पाउडर**
आयुक्त खाद्य सुरक्षा डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन और अतिरिक्त आयुक्त भगवतसिंह व संयुक्त आयुक्त डॉ. विजय प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में श्ङक्के जैसल्या में मेसर्स वर्षा एंटरप्राइजेज पर रविवार रात 8:30 बजे कार्रवाई की गई। यहां रंग और चापड़ मिलाकर तैयार किया करीब 4840 किलोग्राम मिर्च पाउडर जब्त किया। जांच के लिए 2 सैंपल भी लिए गए। फर्म मालिक मुजाहिदा बेगम ने बताया कि यह मिर्च पाउडर धीरज नाम के कारोबारी की ओर से तैयार कराकर बाजार में रिटेल में बेचा जाता है।

---

### ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 68F(1) में कार्यवाही

# शाहरुख खान समेत दो की 1.12 करोड़ की अवैध संपत्ति फ्रीज

**लोक टुडे। प्रतापगढ़**

जिले में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों की करीब 1 करोड़ 12 लाख रुपये की अवैध संपत्ति को फ्रीज कर दिया है। यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट की धारा 68F(1) के तहत की गई है, जिसके अंतर्गत तस्करी से अर्जित संपत्तियों पर कानूनी शिकंजा कसा गया। पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में हथुनिया थाना पुलिस ने जांच के दौरान तस्करी से अर्जित चल-अचल



संपत्तियों को चिन्हित किया। इसमें दोनों आरोपियों के आलीशान मकान (लगभग 50-50 लाख रुपये मूल्य) तथा एक स्कॉर्पियो वाहन (करीब 12 लाख रुपये) शामिल हैं।

**पहले हुई थी गिरफ्तारी**
मामले के अनुसार, 30 दिसंबर 2025 को धोलापानी थाना पुलिस ने हथुनिया निवासी शाहरूख खान और दिलावर खान को 1 किलो 203 ग्राम एमडी (मेफेड्रोन) के साथ गिरफ्तार किया था। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत प्रकरण दर्ज कर दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था।

**जांच में हुआ खुलासा** :
पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी लंबे समय से एमडी, ब्राउन शुगर, स्मैक और अफीम की तस्करी में लिप्त थे और इसी अवैध कमाई से उन्होंने संपत्तियां अर्जित की थीं।

**नई दिल्ली से मिली स्वीकृति** :
थानाधिकारी उदयवीर सिंह द्वारा संपत्ति फ्रीज करने का प्रस्ताव तैयार कर सक्षम प्राधिकरण (SAFEMA/NDPS), नई दिल्ली को भेजा गया था, जिसे 21 मार्च 2026 को स्वीकृति मिल गई। इसके बाद 23 मार्च 2026 को विधिवत कार्रवाई करते हुए संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया तथा मौके पर नोटिस बोर्ड भी लगाए गए।

---

# धरियावद में पुलिस टीम पर 15 राउंड फायरिंग कर भाग छूटे तस्कर

### पुलिस ने किया पीछा तो 10 किलोमीटर आगे पिकअप छोड़कर फरार, 1 करोड़ का डोडाचूरा बरामद

**लोक टुडे। प्रतापगढ़**

डोडाचूरा तस्करों का पीछा कर रही पुलिस पर बदमाशों ने15 राउंड फायर कर दिए। जवाबी फायरिंग के बाद बदमाश पिकअप को 10 किलोमीटर आगे जंगल में छोड़कर मौके से फरार हो गए। इस दौरान पुलिस ने एक करोड़ रुपए से ज्यादा की कीमत का मादक पदार्थ और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। घटना प्रतापगढ़ जिले के धरियावद थाना क्षेत्र की है। प्रतापगढ़ एसपी बी.आदित्य ने बताया- 22 मार्च को डीएसटी टीम को सूचना मिली कि एक संदिग्ध पिकअप धमोतर से धरियावद की ओर जा रही है। इस पर धरियावद थानाधिकारी हजारीलाल और डीएसटी टीम इंचार्ज प्रताप सिंह की टीम ने पाचागुड़ा स्थित रिसॉर्ट के पास नाकाबंदी की।

**पुलिस के पीछा करने पर की फायरिंग** :
एसपी ने बताया सोमवार सुबह 4 बजे एक पिकअप बांसी की ओर से आती हुई दिखाई दी। जिसमें दो युवक बैठे थे। पुलिस टीम ने जब रूकने का इशारा किया तो एक युवक ने पिस्टल दिखाकर नाकाबंदी तोड़ दी और पिकअप को आरामपुरा जंगल की ओर भागी। पुलिस की टीम ने पीछा किया तो पिकअप में सवार बदमाश ने 15 राउंड तक फायरिंग की।

**एक करोड़ से ज्यादा का डोडाचूरा जब्त** :
पुलिस ने बताया-इसके बाद आरपीएस शक्ति दायमा और क्यूआरटी टीम और डीएसटी टीम ने जंगल में तलाशी अभियान चलाया। मगर बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। वहीं पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें कुल 38 कट्टों में 762 किलो 150 ग्राम अवैध डोडाचूरा के साथ एक जिंदा कारतूस मिला। जिसकी कीमत अनुमानित कीमत 1 करोड़ 14 लाख 80 हजार रुपए है। एसपी बी.आदित्य ने बताया- वारदात को लेकर धरियावद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

---

# विकसित भारत मोदी का नहीं, हर नागरिक का सपना : देवनानी

**लोक टुडे। जयपुर**



विधानसभाध्यक्ष ने कहा कि विकसित भारत @2047 केवल प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का सपना नहीं बल्कि अब हर भारतीय का संकल्प बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत वसुधैव कुटुंबकम् की भावना से पूरे विश्व को अपना परिवार मानकर एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाना चाहता है। भारत सदैव विश्व का मार्गदर्शक रहा है और आगे भी बना रहेगा। विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी सोमवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के मानविकी पीठ सभागार में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएनएस )द्वारा विकसित भारत @2047 समर्थ युवा-सशक्त भारत प्रतिभा सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. अल्पना कटेजा ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना राजस्थान के क्षेत्रीय निदेशालय श्री एस एस भटनागर थे। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े युवाओं का आह्वान किया कि वे भारत की मूल जड़ो को पहचाने और एआई के वर्तमान समय में युगानुकूल होते हुए नवाचारों और प्राचीन ज्ञान का समन्वय करके विकास की महान यात्रा में भारत की संस्कृति को आत्मसात करते हुए सहभागी बने। साथ ही, सेवा की संस्कृति को अपने जीवन का अंग बनाएं। विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने कहा कि हम सभी भारतवासियों को इस बात का गर्व होना चाहिए कि हम सदियों पहले से ही विश्व गुरु और विकसित सभ्यता और संस्कृति वाला देश रहें है। वास्को-डिगामा ने भारत को नहीं खोजा था बल्कि भारत ने पूरे विश्व को खोजा है। विधानसभाध्यक्ष ने कहा कि भारत हमेशा से ही ज्ञान का केन्द्र रहा है और सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, धार्मिक, तकनीकी आदि जीवन के हर क्षेत्र में विश्व में सबसे आगे रहा है लेकिन दो हजार वर्षों की गुलामी के कारण हम अपनी मूल जड़ों और पहचान को भूल गए थे। इस अवसर पर श्री देवनानी ने राजस्थान विश्व विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएनएस) की राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय गतिविधियों में भाग लेने वाली प्रतिभाओं, श्रेष्ठ एनएसएस कार्यकताओं और प्रभारियों को प्रमाण पत्र और बैच प्रदान कर पुरस्कृत और सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. अल्पना कटेजा ने राष्ट्रीय सेवा योजना राजस्थान के क्षेत्रीय निदेशालय श्री एस एस भटनागर का विश्वविद्यालय में एन एस एस की बीस इकाइयों को बढ़ा कर पूर्ववत तीस यूनिट्स करने की घोषणा के लिए उनका आभार जताया।

---

# कैंपर के नीचे दबी बच्ची, मौत

**लोक टुडे। बाड़मेर**

भारतमाला हाईवे पर कैंपर के नीचे दबने से एक बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे में बच्चे, महिलाएं समेत 10 जने घायल हो गए। कैंपर में सवार सभी लोग पोकरण स्थित रामदेवरा दर्शन करने जा रहे थे। हादसा सोमवार शाम 4:30 बजे सेड़वा थाना इलाके के पीरू का तला गांव में हुआ। बताया जा रहा है कैंपर का टायर फटने से ये हादसा हुआ।

**गुजरात का रहने वाला है परिवार** :
पुलिस के अनुसार मऊसरी (गुजरात) गांव निवासी ज्योति (7) पुत्री हरीश भाई अपने परिवार के साथ बोलेरो कैंपर में सवार होकर रामदेवरा बाबा के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। इसमें महिलाएं समेत 15-16 जने सवार थे।

---

### मुख्यमंत्री भजनलाल आज बालोतरा दौरे पर

**लोक टुडे। बालोतरा**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को बालोतरा जिले के दौरे पर रहेगें। जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को प्रातः 10.20 बजे जयपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे श्री मठ कनाना कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगें। जहां वे श्री ललिता महायज्ञ एवं मां स-रस्वती माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेगें। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दोपहर 01 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेगे।

---

### कांग्रेस का 'संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान

**लोक टुडे । जयपुर**

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को मजबूत करने और लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 1 अप्रैल से राज्यव्यापी संगठन-बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान शुरू करने की घोषणा की है। यह अभियान पूरे प्रदेश में 30 दिनों तक चलाया जाएगा, जिसमें गांव से लेकर जिला स्तर तक कांग्रेस संगठन को सक्रिय किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनावी हार के डर से सरकार शहरी निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को लगातार टाल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि ओबीसी आयोग के गठन और उसकी रिपोर्ट में देरी कर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रिक, प्रकाशन, संपादक - नीरज मेहरा द्वारा बोनस ग्राफिक्स, लक्ष्मी नगर, हटवाड़ा मार्ग, अजमेर रोड, जयपुर - 302006 से मुद्रिक एवं 141, दयानन्द नगर, फेज प्रथम झेलना डूंगरी गली नंबर 19, थाना गांधी नगर, जयपुर (राज.) प्रकाशित प्रबंध संपादक - पी.के.बृजवाल, 9950325930, 9571635930 (कानूनी सलाहकार एडवोकेट कैलाशनाथ भट्ट)